Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 29 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 240

# देश को मिला नया संसद भवन, विधि-विधान के साथ लोकसभा में सेंगोल स्थापित- पीएम मोदी ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज नए संसद भवन का उद्घाटन कर दिया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम का कई विपक्षी दलों ने विरोध किया और इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। तमिलनाडु के अधीनम संतों ने पूरे विधि-विधान के साथ अनुष्ठान कराया। पूजा में प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला बैठे थे।

हवन-पूजा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन को देश को समर्पित कर दिया है। उन्होंने इस सेंगोल को साष्टांग प्रणाम किया और वहां मौजूद साधुओं का आशीर्वाद लिया। उद्घाटन के समारोह के दौरान लगभग एक घंटे पूजा चली और पूरा भवन वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। इस मौके पर पीएम मोदी के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला मौजूद था।

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन श्रमिकों का सम्मान किया जिन्होंने इस नई इमारत को बनाने में अपना योगदान दिया।

बता दें कि नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर तमिलनाडु से 22 संत दिल्ली पहुंचे हैं। नए संसद भवन का निर्माण 862 करोड़ रुपये की लागत से करवाया गया है। इसे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनवाया गया है। इस संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा के अलावा एक संयुक्त सत्र के लिए भी बड़ा हॉल बनवाया गया है जिसमें 1272 सीटें हैं। अब नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। वहीं पुराने संसद भवन का इस्तेमाल संसदीय कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा।

उद्घाटन के मौके पर सबसे पहले पीएम मोदी और लोकसभा स्पीकर पुराने संसद भवन परिसर में मौजूद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद हवन पूजा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेंगोल का साष्टांग प्रणाम किया और इसे संसद भवन में स्थापित किया। इस मौके पर अलग-अलग धर्मों की प्रार्थना की गई। पुजारी, मौलवी और पादरी ने अपने-अपने धर्म के अनुसार प्रार्थना की।

नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। इस मौके पर 18 दल सरकार के साथ थे वहीं 29 दलों ने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया था। उनका कहना था कि इस इमारत का उद्घाटन राष्ट्रपति को करना चाहिए। हालांकि इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति की मौजूदगी नहीं थी।

## 25 वर्षों में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है : मोदी

नई संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पुराने संसद भवन में काम पूरा करना मुश्किल होता था और इस बात से सभी वाकिफ हैं। बैठने की जगह की कमी थी और तकनीकी दिक्कतें भी थीं। इसलिए दो दशक से भी अधिक समय से नए संसद भवन के निर्माण पर चर्चा चल रही थी। संसद के नए भवन का निर्माण समय की मांग थी. मुझे खुशी है कि यह नया भव्य भवन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। सफलता की पहली शर्त, सफल होने का विश्वास ही होती है. ये नया संसद भवन, इस विश्वास को नई बुलंदी देने वाला है। ये विकसित भारत के निर्माण में हम सभी के लिए नई प्रेरणा बनेगा। ये संसद भवन हर भारतीय के कर्तव्य भाव को जागृत करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पंचायत भवन से लेकर संसद भवन तक हमारे देश और यहां के लोगों का विकास ही हमारी प्रेरणा है। आज जब हम इस नई संसद के निर्माण पर गर्व महसूस कर रहे हैं, तो पिछले 9 वर्षों में देश में 4 करोड़ गरीबों के लिए घर और 11 करोड़ शौचालयों के निर्माण के बारे में सोचते हुए मुझे बहुत संतोष भी होता है। जब हम नई संसद में आधुनिक सुविधाओं की बात करते हैं, तो मुझे संतोष होता है कि हमने देश के गांवों को जोडऩे के लिए 4 लाख किलोमीटर से अधिक सडक़ों का निर्माण किया है. आज से 25 साल बाद, भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा। हमारे पास भी 25 वर्ष का अमृत कालखंड है। इन 25 वर्षों में हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई संसद में अपने संबोधन में कहा कि आजादी का यह अमृतकाल, देश को नई दिशा देने का अमृतकाल हैं। अनंत सपनों को, असंख्य आकांक्षाओं को पूरा करने का अमृतकाल है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव : कंबोडिया और इंडोनेशिया सहित 12 राज्यों की रामायण मंडलियां देंगी प्रस्तुति

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय रामायण महोत्सव संस्कृति विभाग द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए कंबोडिया और इंडोनेशिया ने स्वीकृति दे दी है। इन दोनों देशों के रामायण मंडली से जुड़े कलाकार अपनी नयनाभिराम प्रस्तुति देंगे। रायगढ़ में 1 जून से 3 जून तक आयोजित होने वाली इस महोत्सव में इन देशों के अलावा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों के मानस मंडलियों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगो पर प्रस्तुति देंगे। इस महोत्सव में रामायण के अरण्य कांड पर नृत्य नाटिका की विशेष प्रस्तुति होगी। इसके अलावा प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ और केलो आरती का भी आयोजन होगा। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और समृद्ध आतिथ्य का संगम दिखेगा। रायगढ़ कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजन से जुड़े अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहें है। उन्होंने हाल में ही तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस महोत्सव में पहले दिन 1 जून को महोत्सव की शुरुआत होगी। जिसमें प्रतिभागी दलों का मार्च पास्ट होगा। दोपहर 3 बजे से रामायण मंडलियों की प्रस्तुति शुरू होगी। शाम में इंडियन आइडल फेम प्रसिद्ध सिंगर शन्मुख प्रिया और शरद शर्मा की परफॉर्मेंस होगी। दूसरे दिन 02 जून को दोपहर तीन बजे से रामायण मंडलियां प्रस्तुति देंगी। शाम को प्रसिद्ध गायक बाबा रघुवंशी और भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का समापन 03 जून को दोपहर 03 बजे मंडलियों की अंतिम प्रस्तुतियां होंगी। शाम 6 बजे केलो महाआरती और दीपदान का कार्यक्रम होगा। जिसके पश्चात प्रख्यात कवि कुमार विश्वास रामकथा कहेंगे और प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के भजनों की प्रस्तुति होगी।

### अमृतसर में बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन, 40 करोड़ की हेरोइन जब्त- तस्कर भी पकड़ा


**अमृतसर (आरएनएस)।** अमृतसर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तानी तस्करों की दो कोशिशों को नाकामयाब कर दिया है। बीएसएफ जवानों ने अमृतसर सेक्टर में दो लोकेशनों से पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से भेजी गई हेरोइन की खेप जब्त की हैं, जिसकी कीमत तकरीबन 40 करोड़ बताई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ एक ड्रोन को गिराने व एक भारतीय तस्कर को पकडऩे में भी सफलता हासिल की है। बीएसएफ के मुताबिक रात को अटारी बॉर्डर के बिल्कुल पास पुल मोरां में बटालियन 22 के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान दौरान ड्रोन के आने की आवाज सुनाई दी। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। चंद मिनटों में ही ड्रोन की आवाज बंद हो गई। बीएसएफ अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी। जवानों ने उसका पीछा कर उसे तुरंत पकड़ लिया। उसके हाथ में हेरोइन की खेप थी, जो ड्रोन के साथ आई थी। आरोपी तस्कर को तुरंत पकड़ लिया गया। वहीं जब खेप की जांच की गई तो उसका कुल वजन 3.5 किलोग्राम था। बीएसएफ के अधिकारियों ने तस्कर से पूछताछ शुरू कर दी है।

# भारत, पाकिस्तान समेत 8 देशों में भूकंप के तेज झटके, अफगानिस्तान में था केंद्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत, पाकिस्तान, चीन समेत 8 देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता 6.3 बताई जा रही है। भारत के पंजाब, जम्मू कश्मीर और हरियाणा में झटके महसूस किए गए हैं। भारतीय राज्यों में 5.6 तीव्रता के झटके महसूस किए गए हैं। आसपास के देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान तक में झटके महसूस किए गए हैं।

भूकंप पर नजर रखने वाली संस्था ईएमएससी ने बताया कि अफगानिस्तान के फैजाबाद से 70 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10.19 बजे 5.9 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। तुर्की के काहरामैनमारस के 24 किलोमीटर दक्षिण में भी 3.6 तीव्रता का झटका महसूस किया गया। वहीं पाकिस्तान के इस्लामाबाद, खैबर पख्तूनवा, पाकिस्तान के पंजाब और अन्य प्रांतों में झटके महसूस किए गए हैं।तुर्की के दक्षिण-पूर्व में सीरियाई सीमा पर 7.7 और 7.6 तीव्रता के भूकंप ने पूरे देश को हिला दिया था। इससे तुर्की में बड़े स्तर पर जानमाल का नुकसान हुआ। भूकंप का केंद्र गाजियांटेप से 37 किमी पश्चिम-उत्तर पश्चिम में था। भयानक भूकंप ने अकेले तुर्की में करीब 60 हजार लोगों की जान ले ली। भूकंप के झटके से तुर्की का ये इलाका 80 सेकेंड तक हिलता रहा। इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गए थे। तुर्की को इस भूकंप की वजह से 118 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ। तुर्की में फरवरी के भूकंप की वजह से सैकड़ों इमारतें तबाह हो गई। पिछले साल नवंबर महीने में नेपाल में 5.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था।

# कुशीनगर में शौचालय के टैंक की सफाई के दौरान चार लोगों की हुई मौत



**कुशीनगर (आरएनएस) !** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। शौचालय के टैंक की सफाई के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां शौचालय के टैंक की सफाई करते हुए पांच लोग हादसे का शिकार हो गए। एक ही परिवार के पांचों में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना इलाके के बहोरा रामनगर गांव के खपरधिक्का टोला में रविवार की सुबह सेफ्टी टैंक की सफाई के दौरान पिता-पुत्र गैस की चपेट में आने से गिर गए। उन्हें बचाने गए पट्टीदारी के तीन लोग भी सेफ्टी टैंक में गिर गए। इसकी जानकारी होने पर अफरा तफरी मच गई।

टैंक साफ करने वाली मशीन मंगाकर सफाई कराई गई। उसके बाद पांचों लोगों को कोटवा सीएचसी ले जाया गया! जहां डॉक्टर ने पिता-पुत्र समेत चार को मृत घोषित कर दिया । जबकि पांचवें को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उसका इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर डीएम, एसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।

बताया गया है कि नन्द कुशवाहा (45 ) के घर के सेफ्टी टैंक के ओवरफ्लो होने के कारण वह सुबह करीब दस बजे अपने बेटे नितेश (25) के साथ ढक्कन खोलकर सफाई करने उतरे। लेकिन गैस की चपेट में आने के कारण टैंक में ही रह गए। घरवालों ने इसकी सूचना पट्टीदारी के लोगों को दी तो आनन्द कुशवाहा (26) दिनेश कुशवाहा (38) और राजकुमार भी पहुंचे। वे भी टैंक में उतरे। लेकिन उसी में रह गए। इसके बाद अफरा तफरी मच गई। घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। सेफ्टी टैंक साफ करने वाली मशीन मंगाई गई। उससे टैंक साफ कराकर पांचों को बाहर निकाला गया। उन्हें लोग नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की कोटवा स्थित सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने नन्द कुशवाहा, उनके पुत्र नितेश कुशवाहा,आनन्द और दिनेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि राजकुमार (28) को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां राजकुमार का इलाज चल रहा है।

सूचना मिलने पर डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल, एएसपी रितेश सिंह, एसडीएम सदर महात्मा सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली। मृतकों के घर में चीख पुकार मची है।

# डीआरडीओ का हैदराबाद में कार्यक्रम में 180 से अधिक उद्योगों ने लिया भाग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई), हैदराबाद में एक दिवसीय उद्योग संवाद और विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य एमएसएमईएस और स्टार्ट-अप सहित सभी रक्षा उद्योगों को लाना था। डीआरडीओ की विभिन्न उद्योग-अनुकूल पहलों और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी चिंताओं को समझने के लिए एक मंच पर। इस कार्यक्रम में 180 से अधिक उद्योगों ने भाग लिया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने खुले विचार-मंथन सत्र चिंतन की अध्यक्षता की। उन्होंने उद्योग को आश्वासन दिया कि डीआरडीओ उन्हें हर संभव सहायता देगा और भारत को एक शुद्ध रक्षा निर्यातक बनाने के लिए उनकी क्षमताओं के निर्माण में एक संरक्षक की भूमिका निभाएगा। डीआरडीओ के अध्यक्ष ने नियमित रूप से इस तरह की पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि ये आयोजन पूर्ण आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भारतीय रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। निदेशक, उद्योग इंटरफ़ेस और प्रौद्योगिकी प्रबंधन निदेशालय (डीआईआईटीएम) श्री अरुण चौधरी ने डीआरडीओ की विभिन्न पहलों और नीतियों पर एक संक्षिप्त विवरण दिया, जो भारतीय उद्योगों का समर्थन करते हैं। उन्होंने नीति की मुख्य विशेषताओं को सामने लाते हुए डीआरडीओ द्वारा उद्योग को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने विकास सह उत्पादन भागीदारों के रूप में उद्योगों के चयन की आवश्यकता और प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) योजना की मुख्य विशेषताएं उद्योग को उपयुक्त रूप से समझाई गईं। उन्होंने भारतीय उद्योग द्वारा डीआरडीओ की नीति और इसकी अवसंरचना परीक्षण सुविधा और डीआरडीओ पेटेंट के उपयोग पर प्रक्रियाओं का विवरण भी दिया। डीआरडीओ ने भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के सहयोग से एमएसएमई सहित रक्षा विनिर्माण उद्यमों की परिपक्वता को मापने के लिए एक बेंचमार्क उन्नत विनिर्माण आकलन और रैंकिंग प्रणाली (एसएएमएआर) प्रमाणन विकसित किया है। आयोजन के दौरान, जीओ-टैगिंग और टाइम-स्टैम्पिंग के साथ डिजीटल मूल्यांकन के लिए समर और आईटी-सक्षम ऑनलाइन मॉडल पर एक सिंहावलोकन भी प्रस्तुत किया गया। डीआरडीओ सूक्ष्म और लघु उद्योगों को रियायती लागत पर समर की पेशकश कर रहा है। एमएसएमईएसऔर बड़े उद्यमों के साथ-साथ स्टार्ट-अप उद्यमियों के उद्योग भागीदारों ने डीआरडीएओ साथ काम करने के अपने अनुभव पर प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने मौजूदा प्रक्रियाओं और नीतियों में सुधार के लिए मूल्यवान सुझाव दिए और व्यापार को आसान बनाने के तरीकों की सिफारिश की।महानिदेशक, मिसाइल और सामरिक प्रणाली डॉ बीएचवीएस नारायण मूर्ति और महानिदेशक, उत्पादन समन्वय और सेवा सहभागिता डॉ चंद्रिका कौशिक ने रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों के साथ अधिक तालमेल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सुरक्षा निदेशालय के निदेशक वाइस एडमिरल रंजीत सिंह और डीआरडीओ के निदेशक और वैज्ञानिक भी शामिल हुए।

# जंतर-मंतर पर 'दंगल', बैरिकेड तोड़े, धक्का-मुक्की और हंगामा- पुलिस ने हिरासत में लिए पहलवान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पहलवान संसद भवन की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान पहलवानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान धक्का-मुक्की के साथ काफी हंगामा भी हुआ। पहलवानों का कहना है कि हम शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे, यह हमारा अधिकार है।

पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि आज महापंचायत जरूर होगी। हम अपने स्वाभिमान के लिए लड़ रहे हैं। वे आज नए संसद भवन का उद्घाटन कर रहे हैं, लेकिन देश में लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। हम प्रशासन से पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए हमारे लोगों को रिहा करने की अपील करते हैं।

पुलिस ने जब बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को हिरासत में ले लिया तो वह सडक़ पर ही धरने पर बैठ गए। इससे पहले विनेश फोगाट ने आरोप लगाए थे कि महिला महापंचायत में शामिल होने आ रहे सभी लीडर्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# पांच दिनों तक होगी झमाझम बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बढ़ती गर्मी के बीच राहत की खबर है। मौसम विभाग ने शनिवार को हरियाणा, उत्तर-पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा कि अरब सागर से आ रही नमी की वजह से उत्तर-पूर्वी भारत में आज और कल एक जैसा मौसम रहेगा और उत्तर-पश्चिमी भारत में अगले पांच दिनों में भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश और अन्य इलाकों में रविवार को भारी बारिश की आशंका भी जताई है।

वहीं, उत्तर भारत में शनिवार को कई राज्यों में तेज बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत विभिन्न अंचलों में 11 लोगों की मौत हो गई। प्रदेश में कई जगहों पर 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी से पेड़ गिरे और खंभे उखड़ गए। उत्तराखंड में 29 और 30 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पंजाब, हरियाणा, झारखंड आदि राज्यों में भी बारिश से लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में परेशानी हुई। राजस्थान में बारिश संबंधी घटनाओं की वजह से मौतों का आंकड़ा 13 पहुंच गया। उधर, हिमाचल प्रदेश में हिमपात से कई स्थानों पर पर्यटक फंस गए, जिनके लिए रेस्क्यू कार्य जारी है।

शनिवार को लखनऊ में तीन, मैनपुरी और गोण्डा में दो-दो लोगों के अलावा बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव और संत कबीरनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। लखनऊ में तीन अलग-अलग जगह दीवार गिरने से तीन लोगों की जान चली गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार 28 मई को पश्चिमी यूपी में लगभग सभी स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने या बौछारें पडऩे के आसार हैं, जबकि पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश की आशंका जताई गई है।

वहीं झारखंड में में भी पिछले दो दिनों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर भारी वर्षा हुई, जबकि पिछले 24 घंटों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आपदा राहत एवं प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले दो दिनों में राज्य में बारिश और तूफान से कुल 13 लोगों की मौत हुई है। राजस्थान सरकार प्रदेश में हाल में आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि में जान गंवाने वालों लोगों के परिजनों को पांच -पांच लाख रुपए की सहायता राशि देगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह घोषणा शनिवार को की।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों का बिग एक्शन, 40 आतंकी ढेर, कई गिरफ्तार



**इंफाल (आरएनएस)।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में हालात सामान्य होने की बजाय दिनोंदिन बिगड़ते जा रहे हैं। पिछले 8 घंटों से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इसी बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि अब तक अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में 40 आतंकी मारे गएहैं। इसकेअलावा कुछको गिरफ्तार किया गया है। सीएम एन बीरेन सिंह ने बताया कि ये कार्रवाई आतंकवादी समूहों के खिलाफ जवाबी और रक्षात्मक अभियानों के तहत की गई है। उधर, मणिपुर की तलहटी में रविवार को लगभग 14 स्थानों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया, जिस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने का आशंका है।

हमलावरों की भीड़ ने उरीपोक के भारतीय जनता पार्टी विधायक के. रघुमणि के आवास पर भी हमला किया। पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में कई लोग घायल हुए। भाजपा विधायक के घर को आग के हवाले भी किया गया। आग पर काबू पा लिया गया लेकिन उनका घर पूरी तरह से तहस-नहस हो गया। राज्य में हालात सामान्य होने के साथ ही, हथियारों से लैस कुकी, जिनमें सरकार के साथ शांति भंग करने वाले कैडर भी शामिल हैं, मेइतेई समुदाय के लोगों पर हमले और रोजाना लोगों की हत्या कर रहे हैं तथा घरों को आग के हवाले कर रहे हैं। भारी संख्या में स्थानीय लोग सरकार की विफलता और सैनिकों द्वारा कुकी उपद्रवियों को रूप से संरक्षण प्रदान करने के विरोध में सामने आ रहे हैं। मणिपुर संकट पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी से लोग परेशान होकर राज्य में भाजपा नेताओं पर हमला कर रहे है। अब तक लोग केंद्रीय मंत्री डॉ. आरके रंजन, राज्य में मंत्री गोविंददास, बिश्वजीत और खेमचंद के आवास पर पहले हमला कर चुके हैं। देश की सेना के प्रमुख मनोज पांडे स्थिति की समीक्षा करने के लिए राज्य के दौरे पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी 30 मई को राज्य का दौरा करेंगे।